# मछली पालन के लिए कुवैत के साथ एमओयू

## सीएम ने कहा, एग्रीमेंट नया इतिहास रचेगा

## 7430 करोड़ रुपए का होगा निवेश

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाता की समृद्धि के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है. इसी उद्देश्य से किसान कल्याण वर्ष में प्रदेश में पशुपालन, मत्स्य पालन जैसी आय बढ़ाने वाली गतिविधियों को प्रोत्साहित या बढ़ावा दिया जा रहा है.**



प्रदेश में तालाबों और जलाशयों के बेहतर प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. आज कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच हुआ एग्रीमेंट प्रदेश में मत्स्य पालन और मछुआ कल्याण के क्षेत्र में नया इतिहास रचेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी- ज़ुबेदी अल कुवैत फिशरीज कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच, प्रदेश में 7 हजार 430 करोड़ रुपए के निवेश और बाय बैक एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए. यह एग्रीमेंट मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अंतर्गत हुआ है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एग्रीमेंट पर हुए हस्ताक्षर के बाद यह विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार, विधायक रामेश्वर शर्मा तथा कुवैत फिश ट्रेड यूनियन के निदेशक मंडल के अध्यक्ष फारेस बौकम्मा उपस्थित थे.

### 1 लाख 23 हजार टन वेजिटेबल्स का होगा उत्पादन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुए एग्रीमेंट के दौरान जानकारी दी गई कि मप्र एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति-2026 के तहत राज्य में आधुनिक निर्यातोन्मुखी एवं मूल्य संवर्धन मत्स्य उद्योग के विकास के लिए निजी एवं विदेशी निवेश आकर्षित करने का प्रावधान है. अनुबंध के तहत 7 हजार 430 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश से इंदिरा सागर, बरगी, बाणसागर और बारना जलाशय में केज कल्चर सहित बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा. केज कल्चर के जरिये लगभग 4 लाख टन का अतिरिक्त मत्स्य उत्पादन अपेक्षित है. इसके साथ ही एक्वापोनिक्स, हाइड्रोपोनिक्स, ग्रीन हाउस से 1 लाख 23 हजार टन वेजिटेबल्स आदि का भी उत्पादन होगा. प्रदेश में हो रही इस नई पहल से 15 हजार प्रत्यक्ष और 20 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे. प्रदेश से लगभग 6 हजार करोड़ रुपए के मत्स्य निर्यात का लक्ष्य है. राज्य सरकार की इस पहल से प्रदेश के मछुआरे विशेष रूप से लाभान्वित होंगे.

## आयोग ने मांगी पंचायतों में रिक्त पदों की जानकारी

**भोपाल, 6 जुलाई.** सचिव मप्र राज्य निर्वाचन आयोग दिनेश श्रीवास्तव ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 30 जून तक विभिन्न पंचायतों में आकस्मिक रूप से रिक्त पदों की ऑनलाइन जानकारी 13 जुलाई तक प्रमाणीकरण सहित उपलब्ध करायें. उन्होंने कहा है कि इसी जानकारी के आधार पर पंचायतों के रिक्त पदों के लिये उप निर्वाचन करवाये जायेंगे. ऑनलाइन जानकारी भेजने में कोई कठिनाई हो तो राज्य निर्वाचन आयोग की आईटी शाखा से सम्पर्क किया जा सकता है.



# जिलों में मूसलाधार बारिश बाघ नदी उफान पर आई

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 06 जुलाई. प्रदेश में पिछले 24 घंटो के दौरान कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई. सोमवार को देर शाम राजधानी भोपाल सहित जिलों में बारिश होने से मौसम पूरी तरह ठंडा रहा. उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, शहडोल, सागर संभागों के जिलों में अधिकांश स्थानों पर भी बारिश हुई. शेष सभी संभागों के जिलों में मौसम शुष्क रहा.**

प्रदेश में लगातार बारिश होने से बालाघाट में महाराष्ट्र सीमा से लगी बाघ नदी उफान पर आ गई. नदी के उफान पर आने से पुल निर्माण के दौरान एक कार, जेसीबी और लोडर तेज बहाव में बह गए. डिंडौरी में नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ने से कई घरों में पानी घुस गया. जिलों में बारिश को मौसम विभाग ने पूर्व में ही अलर्ट जारी किया. मौसम विभाग के

### ▸ भोपाल सहित जिलों में हुई बारिश

मुताबिक मंगलवार को अलीराजपुर, नर्मदापुरम, सीधी, रीवा, सतना सहित जिलों में भारी बारिश के आसार बने हैं. जिलों में बारिश की संभावना के देखते हुए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इसके साथ ही विदिशा, सीहोर, हरदा, सिंगरौली, उमरिया सहित जिलों में येलो अलर्ट जारी है. श्योपुर कलां, मुरैना, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच सहित जिलों में आने वाले समय में बारिश के दौरान 50 किमी प्रति घंटे तक की गति से हवा चल सकती है. राजगढ़, झाबुआ, अलीराजपुर, धार सहित जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना बनी है. प्रदेश में जुलाई के महीने में बारिश होने से कई नदी-नालों का जलस्तर भी बढ़ा है.

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पिछले 24 घंटो में, अधिकतम तापमान शहडोल संभाग के जिलों में 3.1 डिग्री सेल्सियस तक काफी गिरे, इंदौर संभाग के जिलों में 2.4 डिग्री सेल्सियस तक काफी बढ़े एवं शेष सभी संभागों के जिलों के तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. इंदौर संभाग के जिलों में सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा. रीवा, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 1.8-2.4 डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहे एवं शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहा.

## एक नजर में

### कुएं में समा गई 13 हिरणों की जिंदगी

**शुजालपुर.** अनुभाग शुजालपुर की कालापीपल तहसील के ग्राम खरदौनकला में रविवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई. गांव से लगे एक खेत के कुएं में 13 हिरणों और एक कुत्ते के शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई. वन विभाग और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की तथा सभी वन्यजीवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कराया. खेत मालिक रविवार को अपनी फ सल पर दवा का छिड़काव करने खेत पहुंचे थे. इसी दौरान उनकी नजर खेत स्थित कुएं में पड़ी, जहां बड़ी संख्या में हिरण मृत अवस्था में दिखाई दिए.

### शराब के नशे में युवक ने की आत्महत्या

**छिंदवाड़ा.** देहात थाना क्षेत्र के शंकर नगर परतला के रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है बताया जा रहा है वह शराब पीने का आदी था. जानकारी अनुसार अजय पिता स्वर्गीय संतोष करदे 32 साल शंकर नगर का रहने वाला है उसने रात में परिवार के साथ खाना खाया. उसके बाद वह अपने कमरे में चला गया. जब सुबह पत्नी उठी तो उसे उसने कमरे में देखा उसका पति फांसी के फंदे पर झूला हुआ था. महिला देखकर दंग रह गई. उसकी रोने चीखने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य लोग और आस-पड़ोस के लोग आ गए.



# सुन्नी बांध का ठेका बीएचईएल को

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 06 जुलाई. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से एसजेवीएन लिमिटेड की हिमाचल प्रदेश स्थित सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजना के लिए प्रतिष्ठित ऑर्डर हासिल किया है.**

इस परियोजना में 73 मेगावाट क्षमता की पांच तथा 17 मेगावाट क्षमता की एक टर्बाइन-जनरेटर इकाई स्थापित की जाएगी. परियोजना के लिए आवश्यक टर्बाइनों का डिजाइन एवं विकास बीएचईएल, भोपाल स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस-हाइड्रो प्लांट द्वारा किया गया है. परियोजना के तहत विकसित टर्बाइन मॉडल का सफल परीक्षण 29 जून से 3 जुलाई 2026 के बीच बीएचईएल, भोपाल में एसजेवीएन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया.

# उच्च शिक्षा विभाग एमपी का बड़ा फैसला

### ▸ पीजी के दूसरे सेमेस्टर में वैल्यू ऐडेड और संवैधानिक मूल्यों का कोर्स अनिवार्य

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 06 जुलाई. प्रदेश के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों व पारंपरिक कॉलेजों में स्नातकोत्तर यानी पीजी स्तर पर पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है.**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए क्रेडिट फ्रेमवर्क के तहत अब पीजी द्वितीय सेमेस्टर के प्रत्येक विद्यार्थी को दो क्रेडिट का एक विशेष कोर्स चुनना अनिवार्य होगा.

मप्र उच्च शिक्षा विभाग

बता दें यह कोर्स वैल्यू ऐडेड कोर्स यानी वीएसी संवैधानिक मानव और नैतिक मूल्य (सीएचएम या फिर पर्यावरण शिक्षा और सतत विकास) श्रेणी में से होगा. जिसको लेकर उच्च शिक्षा आयुक्त की ओर से प्रदेश के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों और प्राचार्यों को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी कर दिए गए हैं. वहीं विभाग द्वारा नवीन अध्यादेश के तहत सत्र 2025-26 से यह व्यवस्था पूरी तरह लागू कर दी गई है.

इस नए बदलाव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके मुख्य विषय के साथ-साथ नैतिक मूल्यों नागरिक कर्तव्यों व्यावहारिक कौशल और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है. स आधिकारिक वेबसाइट पर विभिन्न विषयों के अंतर्गत इन श्रेणियों के स्वीकृत पाठ्यक्रम उपलब्ध करा दिए गए हैं ताकि कॉलेजों और विद्यार्थियों को चयन में कोई असुविधा न हो. विभाग द्वारा जूलॉजी के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान समाज और संवैधानिक नैतिकता मानवता और भारतीय संविधान योग और ध्यान द्वारा तनाव प्रबंधन जैसे कोर्स तैयार किए गए हैं.

# भूमि प्रकरण मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

## शिक्षा और किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस का हमला

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 06 जुलाई. प्रदेश कांग्रेस ने शिक्षा व्यवस्था, किसानों की समस्याओं, सार्वजनिक जवाबदेही और कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाते हुए कथित उज्जैन भूमि प्रकरण समेत अन्य मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की.**



प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि पार्टी ने शिक्षा व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और कथित उज्जैन भूमि प्रकरण को प्रमुखता से उठाया है. उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने से शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है और लाखों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ गया है. उन्होंने यह भी कहा कि डीजल, उर्वरक, बीज, कीटनाशक और कृषि उपकरणों की बढ़ती कीमतों से खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी अब तक नहीं मिली है. पूर्व सांसद एवं तेलंगाना कांग्रेस प्रभारी मीनाक्षी नटराजन ने आरोप लगाया कि शिक्षा, किसानों के अधिकार, सार्वजनिक भूमि और आस्था से जुड़े संस्थानों के समक्ष गंभीर चुनौतियां खड़ी हैं.

## गेस्ट हाउस के पीछे मिला शव, पहचान और मौत की वजह तलाश रही पुलिस

**रतलाम.** शहर के स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब महू रोड स्थित एक गेस्ट हाउस के पीछे नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला. शव औंधे मुंह होने के कारण उसकी पहचान मौके पर नहीं हो सकी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर जांच शुरू की. पुलिस के अनुसार सुबह करीब 10:30 बजे सूचना मिली थी कि गेस्ट हाउस के पीछे बने नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा है. स्टेशन रोड थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया.

# कांग्रेस ने उठाए कानून-व्यवस्था पर सवाल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 06 जुलाई. मध्य प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश में हाल ही में सामने आए अवैध शराब और मादक पदार्थों से जुड़े मामलों को लेकर कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए पूरे नेटवर्क की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग की है.**



पार्टी का आरोप है कि प्रदेश में संगठित शराब और ड्रग्स तस्करी का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है, जिसकी व्यापक जांच आवश्यक है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि अलीराजपुर जिले के जोबट क्षेत्र में हाल ही में दो कूरियर कंपनी के कंटेनरों से करीब दो करोड़ रुपये मूल्य की 2,004 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई. पुलिस के अनुसार, एक कंटेनर से 930 और दूसरे से 1,074 पेटियां मिलीं, जिन्हें कथित तौर पर गुजरात भेजा जा रहा था. इस मामले में देवास के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने दावा किया कि इससे पहले भोपाल और मंदसौर में भी मादक पदार्थों से जुड़े बड़े मामले सामने आए थे, जबकि हाल में मऊगंज में कथित ड्रग्स फैक्ट्री का खुलासा हुआ है. उनके अनुसार, ये घटनाएं प्रदेश में संगठित शराब और नशे के कारोबार के विस्तार की ओर संकेत करती हैं.

जीतू पटवारी ने सवाल उठाया कि करोड़ों रुपये की अवैध खेप बिना किसी चूक के कैसे परिवहन हो रही थी और बड़े पैमाने पर ड्रग्स निर्माण गतिविधियां कैसे संचालित हो रही थीं. उन्होंने मांग की कि अलीराजपुर शराब तस्करी और मऊगंज ड्रग्स फैक्ट्री प्रकरण की पारदर्शी जांच कराई जाए तथा केवल निचले स्तर के आरोपियों तक कार्रवाई सीमित न रखकर पूरे नेटवर्क, उसके वित्तपोषकों, सहयोगियों और कथित संरक्षण देने वालों की भी पहचान कर कार्रवाई की जाए.

# दल के दलदल में फंसी हिरन नदी की जांच

**सीधी, 06 जुलाई. कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर के आदेश के एक माह बाद भी हिरन नदी के अतिक्रमण की जांच शुरु नही हो सकी. ऐसी चर्चा है कि दल के दलदल में हिरन नदी की जांच फंस गई है.**

बताते चलें कि जिला व्यापारी संघ सीधी अध्यक्ष लालचंद गुप्ता द्वारा शहर की हिरन नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने कलेक्टर को पत्र लिखा गया था. लिहाजा जिला शहरी विकास अभिकरण जिला सीधी की ओर से अपर कलेक्टर द्वारा जारी पत्र क्रमांक 122/डूडा/2026 दिनांक 4 जून 2026 में हिरन नदी के भूमि एवं अतिक्रमण की जांच के लिये 4 सदस्यीय दल गठित किया गया. जांच दल में उपखण्ड अधिकारी गोपदबनास सीधी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन क्रमांक 01 जिला सीधी, सीएमओ जिला सीधी एवं तहसीलदार गोपदबनास सीधी शामिल थे. दल द्वारा मौके पर निरीक्षण कर अतिक्रमणों को चिन्हित करने की कार्रवाई की गई. किन्तु अतिक्रमणकारियों को चिन्हित करने के पश्चात अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई नहीं की गई.

### कार्यवाही की निर्धारित होनी चाहिए समयसीमा

नवभारत हिरन नदी बचाओ अभियान मुहिम नवभारत

हिरन नदी के चिन्हित अतिकमणों को हटाने की कार्रवाई की समयसीमा निर्धारित होनी चाहिए. पिछले वर्ष भी हिरन नदी के सीमांकन के पश्चात अतिक्रमणकारियों को तो चिन्हित कर लिया गया था लेकिन बाद में बरसात के पश्चात हटाने को कहा गया था. बरसात समाप्त होने के पश्चात मामले को ठंडे बस्ते में कैद कर दिया गया. अब फिर से यही स्थिति दिखने लगी है. हिरन नदी के अतिक्रमणों को हटाने के आदेश को गठित दल के अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया. लिहाजा मौके पर जून महीने में जाकर अतिक्रमणों को चिन्हित करने के पश्चात उन्हें हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित कराने की जरूरत नहीं समझी गई. जांच दल की पूरी कार्रवाई महज औपचारिकता में ही सिमटी हुई नजर आ रही है.

# दतिया में 291 मतदान केंद्रों में होगा मतदान

## दलों के साथ बैठक में सीईओ संजीव कुमार झा ने दी जानकारी

### 34 मतदान केंद्र बढ़े

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 जुलाई. दतिया विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में 2 लाख 20 हजार 371 मतदाता हैं. इसमें पुरुष मतदाता 1 लाख 16 हजार 101, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 4 हजार 260 हैं. मतदान केंद्रों की संख्या 291 हैं.**

यह जानकारी सोमवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने दी. उन्होंने बताया कि 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान 257 मतदान केंद्र थे .इस बीच विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान 34 नए मतदान केंद्र बनाएं गए हैं. इस दौरान उन्होंने विधानसभा उपचुनाव के संबंध में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दतिया विधानसभा उप निर्वाचन के संबंध में आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है. 6 जुलाई को गजट नोटिफिकेशन जारी हो गया है. 13 जुलाई नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि रहेगी.

भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समावेशी एवं मतदाता हितैषी बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए. प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी एवं निर्वाचन आयोग समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एसएस. उप्पल शामिल हुए. कोठारी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से आग्रह किया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग श्रेणी के लगभग 2,500 पंजीकृत मतदाताओं को निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुरूप उनके निवास से मतदान की सुविधा प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराई जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे.

# 5 .46 लाख लेकर फरार आरोपी गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा, 06 जुलाई. कोतवाली पुलिस ने शराब दुकान के कलेक्शन के 5.46 लाख रुपये लेकर फरार हुए आरोपी को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है.**

आरोपी कई वर्षों से फर्जी पहचान के सहारे अलग-अलग राज्यों में नौकरी कर रहा था. पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि जिस व्यक्ति को हरभजन सिंह समझा जा रहा था, उसका वास्तविक नाम शाबीर अली है. उसके पास से दो मोबाइल फोन, फर्जी आधार कार्ड, फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस, 17 हजार रुपये नकद तथा बैंक खाते में जमा करीब दो लाख रुपये बरामद किए गए हैं. पुलिस के अनुसार 28 जून 2026 को शराब कारोबारी कंवरजीत सिंह बेदी ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी खमारपानी, बिछुआ, उभेगांव और बिसापुर स्थित शराब दुकानों का कुल 5,46,050 रुपये का कलेक्शन कर्मचारी हरभजन सिंह उर्फ हरभेज सिंह को लालबाग स्थित कार्यालय में जमा कराने के लिए दिया गया था. लेकिन वह राशि जमा किए बिना फरार हो गया. शिकायत पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 502/26 के तहत धारा 303(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई.

**बैठक ▸ शासकीय आयुष महाविद्यालयों की कार्यकारिणी बैठक संपन्न**

# गर्ल्स हॉस्टल, हर्बल गार्डन को ब्रिज से जोड़ेंगे

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 06 जुलाई. खुशीलाल चिकित्सा महाविद्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय और हकीम सैयद जिया उल हसन शासकीय यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय की स्वशासी समिति की कार्यकारिणीसमिति की बैठक की गई.**



जिसमें संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने आयुष विभाग में कई साकारात्मक कदम उठाते हुए खुशीलाल परिसर में चिकित्सालय महाविद्यालय गर्ल्स हॉस्टल ऑडिटोरियम और हर्बल गार्डन को जोड़ने के लिए आवश्यक पाथ-वे और ब्रिज बनाने की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये. साथ ही परिसर में बनाए गए हर्बल गार्डन को स्कूल के बच्चों के लिए आयुर्वेदिक पौधों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए खोलने की सैद्धांतिक मंजूरी भी दी गई. बैठक में महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय और पीजी भवन के रिपेयरिंग कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराए जाने, महाविद्यालय में लैब्स के आधुनिकीकरण और कार्यप्रणाली को अपग्रेड करने की अनुमति भी दी गई. इसके साथ ही प्रोफेसर्स को समय समय पर इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल साइंस के साथ अन्य प्रोफ़ेशनल की वर्कशॉप आयोजित किए जाने की अनुमति दी गई. साथ ही सुपर स्पेशिलिटी विंग के लिए आवश्यक दवाइयों को खरीदने की भी अनुमति भी दी गई. इस दौरान बैठक में शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस. के. मिश्रा, अधीक्षक चिकित्सालय डॉ. सुनीता तोमर, सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

### लैब आधुनिकीकरण को मिलेगी गति

बैठक में होम्योपैथी कॉलेज में संचालित नेत्र रोग विभाग का समग्र उन्नयन, आधुनिकीकरण करने और मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर के लिए आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी गई. जिसके तहत पैथॉलाजी लैब का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा. इसके साथ ही रेडियोलोजिस्ट विभाग में कलर डॉप्लर मशीन के साथ मरीजों को खाना उपलब्ध करवाने के लिए ऑटोमैटिक रोटी मशीन स्थापित किए जाने की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई. इसके अतिरिक्त आयुष परिसर में 200 बिस्तरीय बालिका छात्रावास निर्माण प्रकिया में गति लाने के निर्देश दिए गए.

## पेज एक के शेष

### भोपाल बनेगा इंडस्ट्री हब

की पहचान बनेगा. अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होंगे. भोपाल औद्योगिक नगरी के रूप में नई पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. यहां से प्रदेश के विकास का नया सूर्योदय हो रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में जनवरी से लेकर अब तक निवेशकों के साथ 86 हजार करोड़ के एमओयू साइन हुए हैं. प्रदेशभर में हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा. प्रदेश की बहनों को भी हर महीने सौगात मिल रही है, अब तक मुख्यमंत्री लाड़ली बहन योजना में राज्य सरकार 50 हजार करोड़ से अधिक राशि लाड़ली बहनों को जारी कर चुकी है. बहनें रोजगार आधारित उद्योगों में काम करेंगी तो उन्हें 5000 रुपए अलग से मिलेगा. प्रदेश में विरासत से विकास का कारवां जारी है. हमारे सभी देवस्थान अपनी अलग पहचान बना रहे हैं. राज्य सरकार रामराज्य की प्रेरणा से हर वर्ग के लिए रोजगार, भोजन और आवास सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही है।

### इसी माह आएगा यूसीसी

आएगा. उन्होंने कहा कि हिंदू भाई एक शादी करता और सात फेरे लेता है, सभी के लिए एक की कानून होना चाहिए. कांग्रेस केवल तुष्टिकरण की राजनीति करती है, वह बाद में फिर दावा करेगी कि यह कानून किसी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं है. उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों को ये बात याद रखना चाहिए कि समान नागरिक संहिता हर हाल में प्रदेश में लागू की जाएगी. इसके लिए प्रदेश की जनता से राय ली गई है. 10 लाख से अधिक लोगों ने सुझाव दिया है. हम चाहते तो सीधे विधानसभा में बिल ला सकते थे, लेकिन हम जनता की राय के आधार पर फैसला कर रहे हैं. सीएम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश - एक विधान - एक निशान - एक प्रधान की बात कही थी. उनके इस संकल्प को साकार करने के लिए राज्य सरकार इसी माह यूसीसी लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं.